Regarding announcement of Prayagraj as drought prone District

श्री उज्ज्वल रमण सिंह (इलाहाबाद) **:** माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूँ । जनपद प्रयागराज में पर्याप्त वर्षा न होने के कारण पूरा जनपद सूखे की चपेट में है । मैं यह कहना चाहता हूँ कि सूखे के कारण प्रयागराज में आज नहरों की यह हालत है कि टेल तक कहीं पानी नहीं जा रहा है । बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जिसकी वजह से दिक्कत यह हो रही है कि लोग अपने प्राइवेट ट्यूब वैल से भी खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं । किसानों की धान की फसल की बुवाई भी नहीं हो पा रही है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि जनपद प्रयागराज को सूखा जिला घोषित किया जाए । उसे सूखाग्रस्त जिला घोषित किया जाए और ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ दिलाया जाए । किसानों को राहत दी जाए और जो बिजली की समस्या है, जो पानी की समस्या है, जो नहरों के पानी की समस्या है, वहां ज्यादा से ज्यादा पानी की व्यवस्था की जाए ।

मैं कहना चाहता हूँ कि इस तरह से पूरे जनपद में खाद्यान्न का संकट पैदा हो जाएगा । आज किसान जिस परेशानी के साथ जूझ रहा है, उस परेशानी को सरकार को समझना चाहिए । इसका निदान करना चाहिए, जिससे जो किसान अपनी जीविका को चलाता है, वह उसे बेहतर तरीके से चला सके ।

HON. CHAIRPERSON: Shri Arvind Dharampuri ? Not present

Shrimati Sangeeta Kumari Singh Deo ji.